दिनांकः 31.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- हरिभाउ किसनराव बागड़े आज लेंगे राजस्थान के नए राज्यपाल की शपथ–वर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र के सम्मान में राजभवन में हुआ कार्यक्रम।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार एकात्म मानववाद की विचारधारा के साथ कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध।
- भारतीय टीम ने सुपर ओवर में श्रीलंका को हराकर 20–ट्वेन्टी क्रिकेट श्रंखला में तीन शून्य से किया क्लीन स्वीप।
- पेरिस ओलम्पिक में आज मुक्केबाजी, तिरंदाजी, निशानेबाजी और बैडमिंटन में भारतीय खिलाड़ी देंगे चुनौती।

000

राज्य के नए मनोनीत राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागड़े आज शपथ ग्रहण करेंगे। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इससे पहले कल श्री बागड़े के जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर ही आरएसी की बटालियन द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। श्री बागडे ने परेड की सलामी ली और सम्मान गारद का निरीक्षण किया। राजभवन पहुंचने पर श्री बागड़े को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राजभवन के अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए अपना परिचय दिया। श्री बागड़े ने राज्यपाल कलराज मिश्र से भी मुलाकात की।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राजस्थान में रहने के दौरान यहां के लोगों से मिले प्यार और अपनत्व को वह कभी भुला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष के अपने कार्यकाल में जनता का, जो विश्वास और भरपूर स्नेह मिला, उसी से वह राजभवन में कुछ नया कर सके। श्री मिश्र ने राजस्थान के राज्यपाल के रूप में अपने पांच वर्ष पूरे होने पर राजभवन में उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत का संविधान पूरे देश का सर्वोच्च विधान है और भारतीय सभ्यता और संस्कृति से ओतप्रोत है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार से शुरू होने वाले राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। यह सम्मेलन राष्ट्रपति की अध्यक्षता में होने वाला राज्यपालों का पहला सम्मेलन होगा। सम्मेलन के एजेंडे में तीन नए आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों की मान्यता और फोकस क्षेत्रों का विकास शामिल है। प्रचार अभियानों में राज्यपालों की भूमिका और राज्यों में विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होने की सम्भावना है। सम्मेलन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री हिस्सा लेंगे।

000

राज्य विधानसभा में आज ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत विधायक जसवंत सिंह गुर्जर बाड़ी में वन विभाग द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यों में अनियमितता की जांच कराने जाने के संबंध में वन राज्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे। कैलाश चन्द वर्मा जयपुर के आमेर में जैन मंदिर के नाम दर्ज मंदिर माफी की भूमि को अवैध कब्जे और अतिक्रमण से मुक्त कराने के संबंध में राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।
खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री, सुमित गोदारा अल्पसंख्यक मामलात तथा वक्फ विभाग की अधिसूचना सदन की मेज पर रखेंगे।

नगरीय विकास राज्य मंत्री, झाबर सिंह खर्रा, राजस्थान रीयल एस्टेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी का वर्ष 2021–22 का वार्षिक प्रतिवेदन सदन में मेज पर रखेंगे।
केसाराम चौधरी, गुरवीर सिंह और प्रियंका चौधरी विभिन्न याचिकाओं का उपस्थापन करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल द्वारा पेश किये गये लोकायुक्त राजस्थान के 35वें वार्षिक प्रतिवेदन 2023 पर विचार किया जाएगा।

000

विधानसभा में आयोजित राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद की पहली बैठक कल सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की विचारधारा का अनुसरण करते हुए समाज के वंचित और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। परिषद के सुझावों के अनुसार निर्णय लेकर आदिवासी समुदाय के जीवन स्तर में परिवर्तन लाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदाय के कल्याण की भावना से अनुसूचित जनजाति के विकास और सशक्तीकरण के लिए प्रावधित टीएसपी फंड की राशि इस बजट में एक हजार करोड़ रुपये से बढाकर डेढ़ हजार करोड़ रुपये कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में गोविन्द गुरु जनजाति क्षेत्र विकास योजना शुरू की जा रही है। इसके माध्यम से सामुदायिक वनाधिकार क्षेत्रों में विकास और संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के वन–धन केन्द्रों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाकर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए।

000

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित कर संगठन के कामों के लिए मार्गदर्शन लिया। श्री राठौड़ ने इसके बाद सोशल मीडिया पर संगठन को नई ऊंचाई पर ले जाने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

000

देशभर में 12 नए औद्योगिक पार्क बनाए जाएंगे और 5 से 6 मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की योजना है। कल नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ–सीआईआई की ओर से आयोजित बजट के बाद सम्मेलन में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय निवेशकों को सरकार द्वारा दिए गए लाभों का उपयोग करके नए स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को आगे बढ़ाना चाहिए।

000

भारत और श्रीलंका के बीच तीन 20–ट्वेन्टी क्रिकेट मैचों की श्रंखला, भारत ने तीन शून्य से क्लीन स्वीप कर जीत ली है। कल खेले गये तीसरे मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को सुपर ओवर में हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका को 137 रन का लक्ष्य दिया, जिसे श्रीलंका ने निर्धारित बीस ओवर में आठ विकेट खोकर हासिल कर लिया। स्कोर बराबर होने से मैच सुपर ओवर में चला गया। इसके बाद श्रीलंका की टीम सुपर ओवर में दो रन ही बना सकी। भारतीय कप्तान सूर्य कुमार यादव ने सुपर ओवर की पहली ही गेंद पर चौका लगाकर मुकबला जीत लिया। वाशिंगटन सुन्दर को प्लेयर ऑफ द मैच और सूर्य कुमार यादव को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

000

और अब खबर पेरिस ओलिम्पिक की

पेरिस ओलिम्पिक्स 2024 में आज भारत के मुक्केबाज, तीरंदाज, बैडमिंटन खिलाडी और निशानेबाज अपनी–अपनी स्पर्धाएं खेलेंगे। मुक्केबाज लोवलीना बोर्गोहाइन नॉर्वे की सुन्नीवा हॉफ्सटाड के सामने होंगी। निशानेबाजी में ऐश्वरी प्रताप सिंह तोमर पुरुषों की पचास मीटर राइफल थ्री पोजिशन क्वालिफिकेशन स्परर्धा में खेलेंगे। महिलाओं के ट्रैप निशानेबाजी क्वालिफिकेशन में पहले दिन 68 अंक हासिल करने वाली श्रेयसी सिंह और राजेश्वरी कुमारी क्वालिफिकेशन राउंड के दूसरे दिन आज स्पर्धा में वापसी करेंगी। अनुष अग्रवाल आज निजी दौर में भागीदारी करेंगे। बैडमिंटन के ग्रुप चरण के पुरुष सिंगल्स में एच.एस. प्रणॉय का सामना वियतनाम के डक फैट ले से होगा, जबकि लक्ष्य सेन का मुकाबला इंडोनेशिया के जोनाटन क्रिस्टी से होगा। महिलाओं के सिंगल्स ग्रुप चरण में पी.वी. सिंधु आज एस्टोनिया की क्रिस्टीन क्यूबा से भिडेंगी। महिलाओं के सिंगल्स के 32वें दौर में टेबल टेनिस में श्रीजा

अकुला का सामना सिंगापुर की चियान जेंग से होगा। तीरंदाजी में पुरुषों के एलिमिनेशन राउंड में तरूणदीप राय और महिलाओं की एलिमिनेशन राउंड में दीपिका कुमारी खेलेंगी। इस बीच, महिलाओं के 54 किलोग्राम भार वर्ग के सोलह राउंड की मुक्केबाजी स्पर्धा में प्रीति पवार आज तडके कोलंबिया की एनी एरियास से स्प्लिट निर्णय में 3–2 से हार गईं। अब तक, भारत ने दो पदक जीते हैं और दोनों पदक निशानेबाजी में हैं। मनु भाकर ने महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इसके बाद मिक्स्ड टीम स्पर्धा में मनु भाकर ने सरबजोत सिंह के साथ कांस्य पदक जीता।

000